सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 34 | इंदौर, बुधवार 14 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Kolkata: जहां डॉक्टर से हुआ दुष्कर्म और हत्या, वहां हो रहा मरम्मत का काम, सबूतों से छेड़छाड़ के लगे आरोप
2. Kolkata Case Updates: बंगाल के अस्पतालों में डॉक्टरों ने किया काम बंद, आम जनता परेशान
3. Japan: जापान के प्रधानमंत्री का पद छोड़ेंगे फूमियो किशिदा, पार्टी अध्यक्ष का अगला चुनाव लड़ने से किया इनकार
4. Lalu Yadav : राजद अध्यक्ष लालू यादव ने रेलवे की इस उपलब्धि को बताया अपना; पूछ दिया सीएम नीतीश कुमार से सवाल
5. SC: 1 अप्रैल 2005 के बाद से रॉयल्टी का पिछला बकाया वसूल सकेंगे राज्य; किसी तरह का जुर्माना न लगाने का निर्देश

### स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामना एवं अवकाश की सूचना



15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस की सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिंतकों एवं स्नहियों को हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं। 15 अगस्त को डिटेक्टिव ग्रुप कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 16 अगस्त शुक्रवार को प्रकाशित होगा।

**- संपादक**

15 अगस्त को हो सकती है

# खाली पदों पर भर्ती की घोषणा

## मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के संदेश पर नजर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 अगस्त को भोपाल में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती की घोषणा कर सकते हैं। सभी विभागों से रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रस्ताव वित्त विभाग की अनुमति से कर्मचारी चयन मंडल और राज्य लोक सेवा आयोग को भेजने के लिए कहा गया है।**

मध्य प्रदेश में डेढ़ लाख से अधिक पद विभिन्न विभाग और जिला संवर्गों में रिक्त हैं। सरकार स्वास्थ्य संस्थाओं के लिए 46 हजार 491 पद तीन वर्ष में भरने की स्वीकृति दे चुकी है। इसी तरह उच्च शिक्षा के लिए डेढ़ हजार और पुलिस आरक्षक के साढ़े सात हजार पदों पर भर्ती होनी है।

**बैकलॉग के आठ हजार पद भी खाली-** स्कूल शिक्षा विभाग में 19 हजार शिक्षकों की भर्ती होनी है। बैकलॉग के आठ हजार पद भी रिक्त हैं। इसके अलावा जल संसाधन सहित सभी विभागों को



रिक्त पद भरे जाने हैं। सूत्रों का कहना है कि स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री सरकारी पदों पर भर्ती के साथ स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की घोषणा कर सकते हैं।

**निवेश के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ाने के प्रयासों की देंगे जानकारी-** मुख्यमंत्री प्रदेश में निवेश के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी भी अपने संदेश में देंगे।

सरकार का जोर इस बात पर है कि ऐसे उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाए, जिसमें रोजगार के अवसर अधिक से अधिक निर्मित हों।

अभी तक निवेश के जो प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, उनके धरातल पर उतरने से लगभग दो लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

### सुशासन के लिए उठाए कदमों का देंगे ब्योरा

मुख्यमंत्री राजस्व के लंबित मामलों के निराकरण के लिए चलाए गए महा अभियान से लेकर अपर मुख्य सचिव और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों को संभागीय प्रभारी बनाने सहित सुशासन के लिए उठाए अन्य कदमों का ब्योरा भी देंगे। यह भी बताया जाएगा कि थाने, जिला, संभाग की सीमाओं में परिवर्तन करने के लिए आयोग गठित किया जा रहा है।

# राखी लेने बाजार गई महिला तीन टुकड़ों में मिली लाश

## ◆ हाथ के टैटू से पहचान सका पति; उत्तरप्रदेश का युवक हिरासत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

गुना। गुना में जिस महिला का शव बोरे में तीन टुकड़ों में मिला, उसकी पहचान झूना बाई तंवर (40) के रूप में हुई है। महिला के बेटे का कहना है कि मां रविवार को राखी का सामान लेने बीनागंज गई थी। फिर नहीं लौटी। एसपी संजीव कुमार ने बताया, आशंका है कि हत्या पहचान वाले ने ही की है।

मामले में पुलिस ने संदिग्ध को हिरासत में लिया है। वह उत्तर प्रदेश के झांसी का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने उसके पास से हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी बरामद की है। हालांकि पुलिस ने आधिकारिक रूप से इसका खुलासा नहीं किया है।

महिला पति शेरू सिंह और बेटे गोविंद सिंह के



साथ सांडिल्य खेड़ी गांव में रहती थी। पति चाचौड़ा में चौकीदारी करता है।

### कटर से काटा शव, फिर बोरी में भरकर फेंका

चाचौड़ा बीनागंज के खातोली गांव में सोमवार दोपहर को बंद पड़ी सरकारी राशन दुकान के कैम्पस में महिला की लाश 3 टुकड़ों में मिली थी। सिर, धड़ और कमर के नीचे का हिस्सा अलग-अलग बोरियों में बंद था। दो बोरियां प्लास्टिक और एक जूट की थी। इन पर मक्खियां भिनभिना रही थीं। बदबू भी आ रही थी। लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने बोरियां खोलीं तो अंदर से शरीर के टुकड़े मिले। पुलिस को आशंका है कि हत्या कहीं और की गई है, जबकि शव यहां ठिकाने लगाया गया है। एसडीओपी दिव्या राजावत ने बताया, शव के टुकड़े कटर से किए गए हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। ग्वालियर से आई फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल की जांच की है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया है।

### महिला के पति ने ठेकेदार से कहा था- पत्नी लापता है

महिला के बेटे गोविंद ने बताया, मां मजदूरी करने बीनागंज जाती थीं। कई बार वह एक-दो दिन तक घर वापस नहीं आती थीं। रविवार सुबह वह राखी का सामान लेने जाने का कहकर घर से निकली थी। इस बार दो दिन तक घर नहीं लौटी। मंगलवार को पिता ने एक ठेकेदार से पत्नी के लापता होने की बात कही। ठेकेदार ने पुलिस को सूचना दी। तब पता चला कि एक महिला की डेडबॉडी मिली है। इसके बाद पति और बेटा अस्पताल पहुंचे। लाश के हाथ पर बने A शेप के टैटू से पति ने उसे पहचान लिया। महिला के बेटे गोविंद तंवर ने बताया, नेशनल हाईवे से महज 500 मीटर दूर मां की बॉडी मिली है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में- पूर्वाभ्यास सम्पन्न

## कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने लिया तैयारियों का जायजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूर्ण उत्साह एवं गरिमा के साथ मुख्य समारोह आयोजित किया जायेगा। यह कार्यक्रम महेश गार्ड लाइन स्थित आरएपीटीसी ग्राउण्ड पर होगा। समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर और परेड की सलामी ली जायेगी। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आज समारोह स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह तथा अपर कलेक्टर श्री रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने समारोह के सुव्यवस्थित आयोजन के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की और



उन्हें विभिन्न दायित्व भी सौंपे।

इस अवसर पर समारोह की तैयारियों का पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान पूर्ण गणवेश में विभिन्न प्लाटूनों ने परेड की। बताया गया कि इस बार भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों के 14 दल परेड में हिस्सा ले रहे हैं। इनमें सीमा सुरक्षाबल, आरएपीटीसी, प्रथम वाहिनी, 15वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल(पुरूष), जिला पुलिस बल (महिला), नगर सेना, यातायात पुलिस, एनसीसी (महिला), स्काउट, गाईड, आरआई ग्रुप, सृजन दल, शौर्या दल प्रमुख रूप से रहेंगे। परेड का नेतृत्व आईपीएस श्री कृष्ण लालचंदानी करेंगे। उनका अनुकरण टूआईसी सूबेदार श्री काजिम रिजवी करेंगे। समारोह में प्रथम वाहिनी का बैंड भी आकर्षण का केन्द्र रहेगा। कार्यक्रम के दौरान शासकीय सीएम राईज स्कूल अहिल्या आश्रम क्रमांक-एक, श्री जी इंटरनेशनल तथा गरिमा विद्या मंदिर के विद्यार्थी देश भक्ति तथा लोकगीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ देंगे। समारोह में वर्ष भर के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

# इंदौर जिले के आवासीय जवाहर नवोदय विद्यालय मानपुर में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शिक्षा मंत्रालय (स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग) भारत सरकार के अधीनस्थ संचालित इंदौर जिले के आवासीय विद्यालय जवाहर नवोदय विद्यालय मानपुर में सत्र 2025-26 कक्षा छटवीं में प्रवेश के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यार्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जायेगा। प्रवेश परीक्षा में भाग लेने हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 16 सितम्बर 2024 है। चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025 को ( 11:30 बजे से 1:30 बजे तक) जिले में प्रत्येक विकासखंड में आयोजित होगी। इच्छुक विद्यार्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट www.navodaya.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। वेबसाईट से एक सर्टिफिकेट डाउनलोड करना होगा जिसे अपने विद्यालय से पूर्णरूप से भरकर आवेदन करते समय अपलोड करना होगा। इस परीक्षा हेतु वे विद्यार्थी आवेदन कर सकते है जो इंदौर जिले के किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय या शासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा पांचवीं में सत्र 2024-25 में अध्ययनरत हो तथा पालक इसी जिले के निवासी हो। बच्चे का जन्म 01 मई 2013 से 31 जुलाई 2015 के बीच होना चाहिए।

# पीएमश्री स्पेशल फ्लाइट बिना यात्रियों के उड़ानी पड़ी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर से जबलपुर के लिए रवाना हुई पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा की स्पेशल फ्लाइट बिना किसी यात्री के ही उड़ी। यह हाल तब है जब 50 प्रतिशत डिस्काउंट रेट पर टिकट मिल रहे हैं। यात्री नहीं मिलने के कारण ही इससे पहले उज्जैन-रीवा जैसे शहरों की फ्लाइट बंद की जा चुकी है। कंपनी ने 31 जुलाई को अगस्त के शेड्यूल में इंदौर से भोपाल और जबलपुर के लिए ही सीधी उड़ानें बताई थीं। जून 2024 में प्रदेश के आठ शहरों को आपस में जोड़ने की योजना शुरू हुई। कंपनी ने नॉन शेड्यूल उड़ान (चार्टर्ड उड़ान) के रूप में इसे लागू किया। 6 सीटर विमान का उपयोग किया जा रहा था, फिर कहा था कि जल्द ही बड़ा विमान लाएंगे लेकिन मामला उलट गया है। जो फ्लाइट चलाई गईं, वे भी खाली होने के कारण बंद करना पड़ रही हैं। कारण ज्यादा किराया और कम सामान ले जाने की छूट बताई गई। जून 2024 में पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के तहत प्रदेश के आठ शहरों को हवाई सेवा के माध्यम से जोड़ा गया था।

इन शहरों में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, सिंगरौली और खजुराहो शामिल किए गए। पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का संचालन मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के आधार पर मेसर्स जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड (फ्लायओला) के पास है। इस नई पर्यटन सेवा को लोकप्रिय बनाने के लिए शुरुआती एक महीने तक किराये में 50 प्रतिशत छूट दी गई थी। लेकिन अभी तक इसे सक्सेस नहीं मिल रही है।

# मंत्री श्री सिलावट की पहल पर मांगलिया में तैयार हो रहा है 50 बिस्तरीय आयुष अस्पताल भवन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट की पहल पर इंदौर जिले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र के मांगलिया में 50 बिस्तरीय आयुष अस्पताल भवन का निर्माण किया जा रहा है। मंत्री श्री सिलावट द्वारा विगत दिनों संबंधित अधिकारियों, इंजीनियर, ठेकेदार, ग्राम पंचायत सरपंच-सचिव, ग्रामीण जनों एवं वरिष्ठ जनों के साथ बैठक कर अस्पताल भवन का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए एवं निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण भी किया गया। मंत्री श्री सिलावट द्वारा आयुष मंत्री श्री इंदरसिंह परमार से चर्चा कर एक करोड़ 31 लाख रुपए अतिरिक्त अग्निशमन एवं अन्य कार्यों के लिए प्रदान करवाए गए।



आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन आयुष विभाग के द्वारा भारत शासन की राष्ट्रीय आयुष मिशन योजना अंतर्गत राज्य वार्षिक एक्शन प्लान के तहत मांगलिया में 50 बिस्तरीय आयुष चिकित्सालय की स्थापना हेतु 6 करोड़ 41 लाख 49 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई है। रूपल संघवी इंदौर को इस निर्माण कार्य का वास्तुविद् नियुक्त किया गया तथा बनाए गए संक्षिप्त प्लान को आयुष विभाग द्वारा स्वीकृत कर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। मध्य प्रदेश गृह निर्माण मंडल द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है। आयुष अस्पताल में 33000 वर्ग फुट क्षेत्र का निर्माण किया जा रहा है। भूतल पर पांच ओपीडी कक्ष, एक एक्स-रे रूम, एक फिजियोथैरेपी सेंटर, वेटिंग एरिया, योग हाल की सुविधा है, जिससे बाहरी व्यक्ति बिना अस्पताल में भर्ती हुए चिकित्सा परामर्श प्राप्त कर सकेंगे। ऊपरी तलों में पुरुष तथा महिला भर्ती वार्ड बनाएं जा रहे हैं जिसमें कुल 50 बिस्तर उपलब्ध होंगे। साथ ही ऑपरेशन थिएटर एवं पंचकर्म सुविधा भी उपलब्ध होगी। इस अस्पताल से सांवेर विधानसभा के साथ-साथ इंदौर एवं देवास जिले के नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। अस्पताल में पंचकर्म चिकित्सा एवं आयुष औषधीय से कम खर्च पर इलाज संभव हो सकेगा तथा गर्भवती महिलाओं की चिकित्सा भी संभव हो सकेगी।

# चारभुजा कार कांवड़ यात्रा उज्जैन पहुंची

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। चारभुजा सेवा मंडल की कार कावड यात्रा कालानी नगर एयरपोर्ट रोड इंदौर से रवाना होकर उज्जैन पहुंची और श्रावण सोमवार पर भगवान महाकालेश्वर मंदिर में जलाभिषेक कर पूजन दर्शन किया। करीब 100 से ज्यादा कारों के काफिले के साथ लगभग 600 भक्त इस कावड़ यात्रा में शामिल होकर बोल बम के जय घोष के साथ उज्जैन पहुंचे। पूरे मार्ग में जगह-जगह कावड यात्रा का स्वागत हुआ। कावड यात्रा में मुख्य रूप से अध्यक्ष घनश्याम वैष्णव, सयोजक नीलेश उपाध्याय, उपाध्यक्ष महेश दलौदा, सचिव पुण्डलिक फंड, वरिष्ठ सदस्य हरीश विजयवर्गीय, देवेन्द्र शर्मा, गोपाल पुजारी, गोपाल सिसौदिया, प्रकाश तोतला, मुकेश शर्मा, मनमोहन माहेश्वरी, लोकेश शर्मा, परेश बैरागी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। चारभुजा महिला संगठन से अध्यक्ष राखी वर्मा, संयोजक राधिका वैष्णव, उपाध्यक्ष रानू शुक्ला, वरिष्ठ सदस्य कमलेश शुक्ला आदि उपस्थित थी। मुख्य अतिथि सिने तारिका सारिका दीक्षित और अनंत महंत, टीनू जैन, अशोक चौहान, प्रेम खडायता, संदीप दुबे आदि बतौर अतिथि उपस्थित थे। चारभुजा नाथ गरबा मंडल से डिम्पल तिवारी, रिया राजनोद, अर्पिता शर्मा, याशिका राठौर, माही भावसार, सपना शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थीं।



# कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं को लेकर कार्यपालन यंत्री देपालपुर को दिया ज्ञापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देपालपुर/गौतमपुरा।** देपालपुर विधानसभा में बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं से आम नागरिक जूझ रहे हैं जिसमें मुख्य रूप से बिजली के पोल मकान के ऊपर झुके होना या बिजली के तार जमीन पर लटके होना जिससे आए दिन दुर्घटना कि आशंका रहती है लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है।

उपभोक्ता यदि बिजली का बिल समय पर नहीं भरता है उसके पास नोटिस आ जाता है उसकी लाइन काट दी जाती है लेकिन यदि बिजली विभाग जितनी तत्परता बिल वसूलने में लगाता है उतनी ही जिम्मेदारी उपभोक्ताओं को सुविधा देने में लगाए तो कुछ अलग ही बात है ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन चौधरी व राजेश बड़वाया ने बताया कि गौतमपुरा/देपालपुर क्षेत्र सहित संपूर्ण देपालपुर विधानसभा में ग्रामीण क्षेत्र हो शहर नगर हो ठेकेदार या विभाग की गलती से पोल को मजबूती से नहीं गाड़ा जाता है उसके कारण मकान के ऊपर बिजली का पोल झुक जाता है जिसमें



आए दिन घटना होने की शंका रहती है अब यदि उपभोक्ता को बिजली विभाग से उसे पॉल को सीधा करना हो या शिफ्ट करना हो उसके लिए उपभोक्ता परेशान हो जाते हैं और ठेकेदार की मनमानी अनाप-सनाप पैसा मांगा जाता है ना अधिकारी सुनता है ना ठेकेदार ना लाइन मेंन तो उपभोक्ता जाए तो जाए कहां जब उपभोक्ता इस बात को ठेकेदार के सामने रखता है तो इस प्रकार से मुंह बनाता है जैसे उसने उसका कलेजा मांग लिया हो।

आज इस समस्या को लेकर देपालपुर व गौतमपुरा ब्लॉक कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल देपालपुर कार्यपालन यत्री(DE)श्री आकाश कुमार जी बंसल साहब से मिलकर ग्रामीण क्षेत्र में आ रही है इन समस्याओं से संबंधित संबोधित ज्ञापन देकर उनको अवगत कराया और अनुरोध किया कि बिजली विभाग स्वयं के खर्चे से इस प्रकार के झुके हुए पोल व झूल रहे तारों को सही करें। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल की मांग पर डीई साहब ने संबंधित अधिकारियों को इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए साथ ही प्रतिनिधि मंडल को अ

आस्वस्त किया कि इस प्रकार की समस्याओं को सीधे आप मुझे बताएं हम तत्काल इसका निराकरण करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से गौतमपुरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन चौधरी,ब्लॉक प्रभारी सत्यनारायण शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रकाश जेन,जिला महामंत्री मिथिलेश जोशी,पूर्व पार्षद निराला डागर, रंगवासा मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष संजय मकवाना, देपालपुर ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष राजीव यादव , किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सतीश पटेल,यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रामचरण दयाल,दिलीप खेर, ब्लाक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष गौतमपुरा यशवंत अंजना, गौतमपुरा युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष धर्मेंद्र गुर्जर,आदि उपस्थित थे ज्ञापन का वाचन देपालपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश बड़वाया ने किया।

# मार्निंग वॉक पर निकली महिला का मंगलसूत्र और चेन ले भागा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पति के साथ मार्निंग वॉक पर निकली महिला का मंगलसूत्र और चेन एक्टिवा सवार बदमाश छिनकर ले गया। जब दंपती घूम रहे थे इस दौरान एक्टिवा सवार पीछे से आया और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया।**

चंदन नगर पुलिस ने बताया कि वारदात सूरज देवी प्रजाप्रत (49) निवासी गंगादेवी नगर के साथ हुई। उनकी शिकायत पर अज्ञात सफेद रंग की एक्टिवा सवार बदमाश के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया है। महिला ने बताया कि वह मंगलवार सुबह अपने पति चंपालाल के साथ धार रोड पर वॉक के लिए गई थी। इस दौरान पीछे से एक्टिवा सवार बदमाश आया। उसने गले पर झपट्टा मारा, जिसमें गले में पहना मंगलसूत्र और सोने की चेन उसके हाथ में आ गई। बदमाश इसके बाद गाड़ी से फरार हो गया। वारदात के दौरान पति थोड़ा आगे की तरफ चल रहे थे। उन्हें आवाज दी। उन्होंने राह चलते लोगों से मदद मांगी। लेकिन बदमाश तब तक काफी दूर चला गया था। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर लिया है।

इसी प्रकार वैभव नगर में रहने वाले दीपक पिता राजेंद्र शर्मा 30 साल ने पुलिस को बताया कि वह कल रात घर के पास मोबाइल फोन पर बात कर रहा था तभी बिना नंबर की बाइक पर सवार दो बदमाश आए और उसे धक्का देकर मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

# बुजुर्ग को लगा दी लाखों की चपत

## गुगल पर सर्च किया था कस्टर केयर का नंबर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एरोड्रम इलाके में रहने वाले एक 70 साल के एक बुजुर्ग को गुगल पर कस्टमर केयर का नंबर सर्च करना महंगा पड़ गया। जो नंबर मिला वह ठगोरे का निकला, जिसने ऑनलाइन ठगी करते हुए वृद्ध को लाखों रुपए की चपत लगा दी। बुजुर्ग को जैसे ही इसका पता चला उन्होंने पुलिस से शिकायत कर दी।**

एरोड्रम पुलिस के मुताबिक सुरेन्द्र श्रीमाल निवासी स्कीम नंबर 51 संगम नगर की शिकायत पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। श्रीमाल ने पुलिस को तीन मोबाइल नंबर सौंपे हैं। उन्होंने बताया कि यूनियन बैंक में उनका अकाउंट है। 1 अगस्त से उनका पेटीएम बंद हो गया। कई बार कस्टमर केयर पर कॉल कर उसे सही करवाने की कोशिश की। लेकिन वह चालू नहीं हुआ। 5 अगस्त को गूगल पर पेटीएम का कस्टमर केयर नंबर सर्च किया। सामने स्क्रीन पर आए नंबर पर कॉल किया। उसने पूरी समस्या सुनी और दूसरा नंबर देकर उस पर मैसेज भेजने को कहा।

### मोबाइल पर एप डाउनलोड कराए

इसके बाद एविल डेस्क और एनी डेस्क एप मोबाइल पर डाउनलोड करने को कहा। उनके ऐसा करते ही बदमाश ने श्रीमाल का मोबाइल अपने कंट्रोल में ले लिया। उसने श्रीमाल के क्रेडिट कार्ड से तत्काल 93 हजार का ट्रांजेक्शन किया। ये पैसे उसने अमेजन एप और मोबिक्विक एप पर ट्रांसफर किए। इसके बाद डेबिट कार्ड से 76 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन किया। इन सभी ट्रांजेक्शन के मैसेज आते ही श्रीमाल को लगा कि कुछ गलत हो रहा है।

### 25 हजार का ट्रांजेक्शन फेल हो गया

उन्होंने तत्काल बैंक को कॉल कर अकाउंट ब्लॉक करने को कहा। इसके बाद भी आरोपी ने 25 हजार का ट्रांजेक्शन और करने की कोशिश की। पर ट्रांजेक्शन फेल हो गया। अगले दिन सुबह श्रीमाल के पास अनजान नंबर से कॉल और उसने पेटीएम का कस्टमर केयर अधिकारी बताकर एनीडेस्क एप डाउनलोड करने को कहा। इसके बाद श्रीमाल ने पुलिस से पूरे मामले की शिकायत की।

### नौकरी के नाम पर ठगी

इसी प्रकार फरियादी नरेंद्र पिता बंसीलाल निवासी जानकीनगर की रिपोर्ट पर कैलाश पिता ओमप्रकाश चौहान के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। फरियादी नरेंद्र ने पुलिस को बताया कि आरोपी कैलाश ने सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3 लाख हड़प लिए। पुलिस ने आरोप कैलाश चौहान के खिलाफ केस दर्ज किया।

# 12वीं की छात्रा से लूटा मोबाइल

## बाइक नंबर से पुलिस हिरासत में आए आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाइक सवार दो बदमाश 12वीं की छात्रा का मोबाइल लूटकर फरार हो गए। छात्रा ने परिवार के साथ जाकर पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और बाइक नंबर भी बताया। पुलिस ने बदमाशों को हिरासत में लेने के बाद केस दर्ज किया है।

वारदात बाणगंगा इलाके की है। पुलिस के मुताबिक 17 वर्षीय सृष्टी पिता राजेश मालवीय निवासी भवानी नगर की शिकायत पर बाइक सवार बदमाशों पर लूट का केस दर्ज किया है। छात्रा ने बताया कि वह 9 अगस्त की दोपहर करीब 1 बजे वह ऑटो से निर्मल इंजीनियरिंग चौराहे से सांवेर रोड ई सेक्टर पहुंची। बाइक सवारों ने पीछे से आकर हाथ पर झपट्टा मारा और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। छात्रा ने बताया कि दोनों भवानी नगर की तरफ भागे। इस दौरान उसने बाइक का नंबर देख लिया। कुछ दूरी तक छात्रा ने दौड़ भी लगाई, लेकिन बदमाश हाथ नहीं आए। सृष्टी ने घर पर पिता को घटना की जानकारी बताई और फिर थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद सोमवार को इस मामले की एफआईआर दर्ज की है।

# कल शुष्क दिवस, बंद रहेगी मदिरें दुकान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को शिष्य दिवस घोषित किया गया है। इसके चलते इंदौर जिले के समस्त कंपोजिट मदिरा दुकान आहारगृह बंद रहेंगे। आबकारी विभाग के सहायक आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि कंडिका क्रमांक 40 के प्रावधान अनुसार 15 अगस्त को शुष्क दिवस अधिसूचित किया गया है। इसके चलते कंपोजिट मदिरा दुकानें एक दिन के लिए पूरी तरह से बंद रहेगी। इस आदेश का कड़ाई से पालन कराया जाएगा जो कोई भी इसका उल्लंघन करेगा उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने स्कूली बच्चों और युवाओं के साथ मिलकर निकाली तिरंगा यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** देश की आन बान शान के प्रतीक राष्ट्र ध्वज तिरंगे को पूरे गौरव और सम्मान के साथ हर घर पर फहराया जाए इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने स्कूली बच्चों और युवाओं के साथ मिलकर तिरंगा यात्रा निकाली। पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव और अमित सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा विभिन्न संगठनों आदि के साथ मिलकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विधायक रमेश मेंदोला की विशेष उपस्थिति में पुलिस अधिकारियों सहित शिक्षा विभाग एवं नेहरू युवा केंद्र तथा विभिन्न स्कूलों के बच्चों एनसीसी स्काउट गाइड के साथ इंदौर पुलिस ने एक तिरंगा यात्रा मार्च पास्ट निकली। जिसे विधायक रमेश मेंदोला एवं पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने हरी झंडी देकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी से कहा कि देशवासियों को देशभक्ति की भावना से जोड़ने और उन्हें देश की आजादी के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे अभियान की उद्देश्य पूर्ति हेतु हम सब यहां इक्_ हुए हैं। तिरंगा यात्रा मार्च फास्ट डीआरपी लाइन से शुरू होकर नगर निगम चौराहा कृष्णपुरा छत्री होते हुए राजवाड़ा पर समाप्त हुई ।इस दौरान सभी पुलिसकर्मियों और स्कूल के बच्चों ने अपने हाथों में तिरंगा लेकर देश प्रेम के नारों के साथ लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करने और तिरंगा अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़े इसके लिए यह जागरूक यात्रा पूरे जोश उत्साह के साथ निकाली गई।

### कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**इंदौर।** इंदौर-हातोद रोड पर सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। वह अपने पति के साथ बाइक से जा रही थी। पुलिस के मुताबिक पूजा यादव (30) निवासी सिकंदरी ग्राम को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

# स्वतंत्रता दिवस की परेड में शामिल होंगी विभिन्न बलों की 17 टुकड़ियां, हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भारतीय स्वाधीनता की 77वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह मुख्यमंत्री मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 15 अगस्त को लाल परेड ग्राउंड में आयोजित होगा। मंगलवार को पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना की मौजूदगी में स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस परेड एवं फाइनल रिहर्सल यहां लाल परेड ग्राउंड में हुई।**



पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साजिद फरीद शापू, पुलिस आयुक्त भोपाल हरिनारायणचारी मिश्रा, डिप्टी कमिश्नर भोपाल किरण गुप्ता एवं नगर निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण सहित अन्य अधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। फुल ड्रेस परेड के फाइनल अभ्यास के दौरान 7वीं बटालियन के सहायक उप निरीक्षक हीरा लाल यादव ने प्रतीक स्वरूप मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई और ध्वजारोहण, राष्ट्रीय धुन एवं परेड द्वारा सलामी के बाद परेड का निरीक्षण कर संदेश का वाचन किया। उसके बाद परेड का विसर्जन कर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

फाइनल अभ्यास परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के सहायक पुलिस आयुक्त भोपाल मयूर खंडेलवाल ने किया। सहायक परेड कमांडर की भूमिका सहायक सेनानी हॉकफोर्स बालाघाट सोनू कुर्मी ने निभाई। संयुक्त अभ्यास परेड में पुलिस बैण्ड सहित कुल 17 टुकड़ियों ने भाग लिया। इनमें उत्तर प्रदेश पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल (उत्तरी जोन), महिलाओं का विशेष सशस्त्र बल, जिला बल एवं रेल की संयुक्त टुकड़ी, विशेष सशस्त्र बल (दक्षिणी जोन), हॉकफोर्स, एसटीएफ, जिला पुलिस बल, जेल विभाग (महिला), शासकीय रेल पुलिस, नगर सेना (होमगार्ड), एनसीसी सीनियर डिविजन एयर विंग नेवल विंग(बॉयज संयुक्त टुकड़ी), एनसीसी सीनियर विंग एयर विंग नेवल विंग(गर्ल्स संयुक्त टुकड़ी), गाइड गर्ल्स, स्काउट्स बॉयज, शौर्य दल, पुलिस बैंड तथा अश्वारोही दल शामिल है।

### मुख्य अतिथि से पदक अलंकरण प्राप्त करने का अभ्यास

प्रतीक स्वरूप संदेश वाचन के बाद राष्ट्रपति पदक प्राप्त 69 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी मुख्य अतिथि से पदक अलंकरण प्राप्त करने का अभ्यास किया। अंत में परेड कमाण्डर और परेड में शामिल सभी दलों के प्लाटून कमाण्डरों ने मुख्य अतिथि को अपना परिचय देने का अभ्यास भी किया। अभ्यास के दौरान स्टेडियम में नागरिकों के आने-जाने व सुरक्षा व्यवस्था सहित स्टेडियम के यातायात, पार्किंग एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं की भी बारीकी से जांच की गई। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों सहित जिला प्रशासन व भोपाल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## विदिशा कलेक्टर के तबादले पर ओवैसी ने उठाए सवाल, कहा- कानून का पालन करने पर हुआ ट्रांसफर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि विदिशा कलेक्टर ने बीजामंडल को लेकर हुए विवाद में एएसआई की रिपोर्ट के आधार पर मस्जिद बताया था, जिससे हिंदू संगठनों और बीजेपी नेताओं में नाराजगी थी। इसके बाद प्रदेश सरकार ने 47 आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए, जिसमें विदिशा कलेक्टर का नाम भी शामिल था। ओवैसी ने कहा कि यह वक्फ संशोधन बिल का खतरा है, जहां अगर कोई यह कहता है कि मस्जिद, मस्जिद नहीं है, तो सरकार कलेक्टर को इसका पावर देना चाहती है। कलेक्टर को भीड़ की मांग माननी पड़ेगी, नहीं तो उसे ट्रांसफर कर दिया जाएगा। कोई भी सबूत पर्याप्त नहीं है। बता दें, 9 अगस्त को नागपंचमी पर हिंदू संगठन के नेताओं ने बीजामंडल में पूजा करने की अनुमति मांगी थी लेकिन विदिशा जिला प्रशासन ने अनुमति नहीं दी। इसका कारण विदिशा कलेक्टर रहे बुद्धेश वैद्य ने एएसआई की 1951 की अधिसूचना में बीजामंडल को मस्जिद बताना बताया। इस मामले में कलेक्टर ने फैसला लेने के लिए ज्ञापन एएसआई को भेजा था। दरअसल, एएसआई ही इस ढांचे का संरक्षक है।

## बेटी को बचाने कुएं में कूदी मां, दोनों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र में कुएं में गिरी 10 की बच्ची को बचाने के लिए मां भी कुएं में कूद गई, जिससे दोनों की डूबने से मौत हो गई। कमलेश की 26 वर्षीय पत्नी पूर्णमा 10 माह की बच्ची को लेकर खेत पर निदाई कर रही थी। 4 से 5 बजे करीब बच्ची खेलते खेलते कुआं में गिर गई, बच्ची को कुआं में गिरते देख, मां भी कुएं में कूद गई। पति कमलेश जब काम से लौटा घर पर पत्नी एवं बच्ची के नहीं मिलने पर कमलेश खेत पर गया। कुएं में देखा तो बच्ची का शव में तैर रहा था। पत्नी की चप्पलें पानी मे उतरा रही थी। रात्रि में ही बमीठा पुलिस को सूचना दी गई। बच्ची के शव को बाहर निकाल लिया।

## मां नर्मदा की गोद में त्यागी देह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी।** नर्मदा भ्रमण पर निकले हरिद्वार कनखल सुरतगिरी आश्रम के संत स्वामी निगमानंद पूरी ने मां नर्मदा की गोद में अपनी देह त्यागी। संतश्री 7 अगस्त को नर्मदा भ्रमण करते हुए नंद गांव पहुंचे थे। जहां शहर के रोटरी क्लब के सचिव ललित जैन द्वारा उनका स्वागत किया गया था। यहां से आगे नर्मदा क्षेत्र में वे जांगरवा पहुंचे थे। दो दिन बाद उनका स्वास्थ्य खराब होने से उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। उपचार के बाद उन्हें कुछ स्वास्थ्य ठीक लगा, जिसके बाद अवल्दा के ग्रामीण उन्हें दोबारा आश्रम में ले गए थे। 13 अगस्त को रात 2 बजे उनका देहावसान हो गया।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में करेंगे ध्वजारोहण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंत्री अपने जिलों में ध्वजारोहण करेंगे। इसमें कुछ मंत्रियों के पास दो दो जिलों को प्रभार है। इसको लेकर मंगलवार को सरकार ने मंत्रियों के ध्वजारोहण को लेकर सूची जारी कर दी। प्रदेश में 30 मंत्री जिलों में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। वहीं, बाकी 24 जगह कलेक्टर ध्वजारोहण करेंगे। प्रदेश में 32 मंत्रियों में दो मंत्री विजय शाह और राकेश सिंह का ध्वजारोहण की सूची में नाम शामिल नहीं है। इन दोनों मंत्री की जग कलेक्टर ध्वजारोहण करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और जनता के नाम संदेश पढ़ेंगे। वहीं, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर में झंडा



फहराएंगे।

वहीं, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जबलपुर, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला सागर, मंत्री प्रहलाद पटेल रीवा, मंत्री करण सिंह वर्मा सिवनी, मंत्री उदय प्रताप सिंह कटनी, मंत्री संपत्तिया उइके सिंगरौली, मंत्री तुलसी सिलावट ग्वालियर, मंत्री रामनिवास रावत दमोह, मंत्री एदल सिंह कंसाना दतिया, मंत्री निर्मला भूरिया मंदसौर, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत गुना, मंत्री विश्वास सारंग हरदा, मंत्री नारायण सिंह कुशवाह शाजापुर, मंत्री नागर सिंह चौहान आगर, मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शिवपुरी, मंत्री राकेश शुक्ला अशोकनगर, मंत्री चैतन्य कश्यप राजगढ़, मंत्री इंदर सिंह परमार बड़वानी, स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कृष्णा गौर सीहोर, स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी खंडवा, स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल उज्जैन, स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री लखन पटेल विदिशा, स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार रायसेन, राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल बैतूल, राज्यमंत्री प्रतिभा बागरी डिंडौरी, राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार अनुपपूर और राज्यमंत्री राधा सिंह मैहर में ध्वजारोहण करेंगे।

## निगम ने की बड़ी कार्रवाई... 4000 किलो अमानक स्तर की पॉलिथिन जब्त, उपायुक्त रहे मौजूद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उपायुक्त संजेश गुप्ता द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले के साथ आज सुबह अंकपात रोड पटेल नगर स्थित जितेंद्र लालवानी के मकान पर छापामार कार्रवाई की गई कार्रवाई के दौरान जितेन्द्र लालवानी के मकान से बड़ी संख्या में अमानक स्तर की पॉलिथिन से भरे हुए बोरो मिले जिन्ह जप्त कर नगर निगम पहुंचाया गया।

जब्त पॉलिथिन को निगम में तुलवाए जाने पर 4029 किलोग्राम पॉलिथीन पाई गई। नगर निगम द्वारा निरंतर इस प्रकार की छापे मार



कार्रवाई की जा रही है। निगम द्वारा की जा रही निरंतर कार्रवाई से छोटे एवं फुटकर विक्रेताओं ने तो पॉलिथीन रखना प्रतिबंध कर दिया है, किंतु बड़े व्यापारी बाहर से पॉलिथीन मंगवाते हुए अन्य स्थानों पर सप्लाई करते हैं, जिनकी जानकारी गोपनीय सूत्रों से प्राप्त होती है, जिस पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई करते हुए संपूर्ण सामग्री जब्त की, तब जाकर जुर्माना लगाए जाने की कार्रवाई की जाती है।

निगम आयुक्त आशीष पाठक द्वारा भी संबंधित उपायुक्त एवं स्वास्थ्य निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि सघन रूप से जांच करते हुए जहां बड़े पैमाने पर पॉलिथीन का उपयोग एवं सप्लाई किया जा रहा है, वहां पर सख्ती से कार्रवाई की जाएं।

# संपादकीय

## दहशत से क्या हुआ हासिल

मणिपुर की हिंसा अब एक ऐसे दौर में प्रवेश कर गई लगती है, जहां एक ही समुदाय के लोग एक-दूसरे के दुश्मन बनते जा रहे हैं। तेंगनौपाल जिले में उग्रवादियों और एक ही समुदाय के ग्रामीण स्वयंसेवकों के बीच हुई गोलीबारी और उसमें चार लोगों की मौत इसका उदाहरण है। वहां यूनाइटेड कुकी लिबरेशन फ्रंट यानी यूकेएलएफ और कुकी समुदाय के ही ग्रामीणों के बीच गोलीबारी हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने यूकेएलएफ प्रमुख का घर जला डाला। प्रशासन का कहना है कि यह उगाही पर नियंत्रण करने की कोशिश में हुआ टकराव हो सकता है। सच्चाई जो हो, पर यह बहुत चिंताजनक स्थिति है। रीब सवा साल पहले मैतेई समुदाय को भी जनजाति की श्रेणी में शामिल करने को लेकर उभरा मतभेद और आक्रोश कुकी और मैतेई के बीच खूनी संघर्ष में परिणत हो गया। राज्य सरकार की लापरवाही या रणनीतिक चुप्पी की वजह से यह समस्या लगातार सुलगती रही। आज स्थिति यह है कि न तो कुकी इलाकों में मैतेई प्रवेश कर पाते हैं और न मैतेई इलाकों में कुकी। कभी साथ रहने वाले दोनों समुदाय के लोग एक-दूसरे की जान के दुश्मन बने बैठे हैं। अब अगर आपस में ही संघर्ष की नई स्थितियां उभरने लगी हैं, तो स्थिति बहुत गंभीर मानी जानी चाहिए। मणिपुर की हिंसा में अब तक दो सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं, साठ हजार से अधिक लोग अपने घरों से विस्थापित होकर राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं, ग्यारह हजार से अधिक घर जला दिए गए हैं। न तो बच्चों की पढ़ाई-लिखाई हो पा रही है, न लोग अपने काम-धंधे पर लौट पा रहे हैं। ग्रामीण इलाकों के लोगों ने खुद अपने सुरक्षा दस्ते बना लिए हैं। वे बारी-बारी से पहरा देते हैं। इन स्थितियों में उग्रवादी संगठनों ने भी अपने पांव पसार लिए हैं। जाहिर है, उग्रवादी संगठनों का खर्च उगाही से ही निकल पाता है। ऐसे में अगर ग्रामीण समुदायों से उन्हें प्रतिकार मिल रहा है, तो इसकी असल वजहें जानने का प्रयास होना चाहिए। मगर सरकार को शायद इसका अवकाश नहीं। पिछले दिनों वहां के मुख्यमंत्री ने मणिपुर की स्थिति पर बयान तो दिया था, मगर वे इन हालात से निपटने के लिए क्या कर रहे हैं, उसकी कोई भरोसेमंद रणनीति उनके पास नहीं है। सरकार को यह समझने की जरूरत है कि हिंसाग्रस्त इलाकों में सरकार और सुरक्षाबलों की लापरवाही या कमजोरी का नतीजा चरमपंथ के रूप में प्रकट होता है। ऐसा कतई नहीं माना जा सकता कि अगर केंद्र और राज्य सरकारें संजीदा होतीं, तो मणिपुर की हिंसा अब तक रुक न गई होती। मगर शुरू से ही इसे लेकर शिथिलता बरती गई, बल्कि कई ऐसे भी उदाहरण मौजूद हैं जब सत्तापक्ष की तरफ से उपद्रवियों को उकसावा मिला। शस्त्रागार से हथियार लूट लिए गए, पुलिस के घेरे में स्त्रियों का बलात्कार हुआ, राजनेताओं तक के घरों को निशाना बनाया गया। गोलीबारी की ताजा घटना के बीच एक पूर्व विधायक के घर के पास रखा बम फटने से उनकी पत्नी की मौत हो गई। आखिर सरकार राज्य में इस तरह दहशत का माहौल बनाए रख कर क्या हासिल करना चाहती है। अगर इससे उसके कुछ राजनीतिक हित सध भी जाएं, तो लोगों के बीच सद्भाव की गहरी खाई को पाटने में वर्षों लगेंगे। लोगों के जख्म भरने और उनका दर्द दूर करने में सरकार शायद ही कभी कामयाब हो पाएगी!

### अर्ज़ किया है..!

*अपने जलने में किसी को*
*नहीं करते हैं शरीक*
*रात हो जाए तो हम*
*शम्अ बुझा देते हैं*

*- सबा अकबराबादी*

## OSHO कहिन

**आपकी हंसी ही आपको अमीर बनाती है और वह हंसी आनंद देने वाली होनी चाहिए।**



### विशेष

# इन 5 जगहों पर स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाते हैं बहुत शान से, देखकर महसूस होगा गर्व



हर साल 15 अगस्त को आजादी का जश्न मनाते हैं। 1947 में इसी दिन देश अंग्रेजों की हुकुमत से आजाद हुआ था और उसे एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में पहचान मिली थी। देश की आजादी के इस पर्व को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह देश के नागरिकों के लिए एक राष्ट्रीय पर्व है, जिसे पूरे देश में धूमधाम से मनाते हैं। कश्मीर से कन्याकुमारी तक आजादी का यह पर्व उत्साह के साथ मनाया जाता है, जिसमें तिरंगा फहराकर शहीदों को नमक करते हैं और भारत माता के नारे लगाते हैं।

इस मौके पर देश की कुछ जगहों की रौनक सबसे अधिक होती है। यहां का स्वतंत्रता दिवस का जश्न देखते ही बनता है। पूरी दुनिया इन जगहों पर मनाए जाने वाले आजादी के पर्व की तस्वीरों को देख उत्साहित हो जाती है। आइए जानते हैं भारत की उन जगहों के बारे में जहां स्वतंत्रता दिवस का जश्न बेहद गौरवपूर्ण तरीके से मनाया जाता है और जिसे देख कोई भी भारतीय गर्व से भर जाएगा।

### लाल किला, दिल्ली

हर साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देश के प्रधानमंत्री दिल्ली के लाल किले से ध्वजारोहण करते हैं और देशवासियों को संबोधित करते हैं। इस दौरान लाल किले से आजादी के जश्न का नजारा देश प्रेम से परिपूर्ण हो जाता है। आप स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक बार लाल किले पर होने वाले आयोजन को देखने जरूर जाएं। ध्यान रखें कि अगर आप 15 अगस्त को लाल किला जा रहे हैं तो सुबह जल्दी पहुंच जाएं।

### वाघा बॉर्डर, अमृतसर

पंजाब के वाघा बॉर्डर पर हर भारतीय को एक बार जरूर जाना चाहिए। यहां पहुंच कर आप देशभक्ति की भावना से भर जाएंगे। वहीं 15 अगस्त के मौके पर वाघा बॉर्डर का माहौल बिल्कुल अलग होता है। यहां कई कार्यक्रमों का आयोजन होता है। शहीदों के बलिदान को याद किया जाता है। यहां पहुंचकर आपकी सीना गर्व से चौड़ा हो जाएगा।

### जलियांवाला बाग, अमृतसर

गुलाम भारत में अंग्रेजों की प्रताड़ना और भारतीय को दशा को समझना हो तो वाघा बॉर्डर के अलावा जलियांवाला बाग भी जा सकते हैं। यहां की दीवारों पर स्वतंत्रता संग्राम की याद गोलियों की छाप बनकर आज भी मौजूद है। 1919 में बैसाखी के दिन अंग्रेज सिपाहियों ने निहत्थे भारतीयों को घेर कर गोलियां बरसा दी थी, इस नरसंहार को भारतीय इतिहास में काला दिन माना जाता है। इस जगह पर आप उन निर्दोष भारतीयों की शहादत को नमन कर सकते हैं।

### इंडिया गेट, दिल्ली

आजादी का जश्न मनाने के लिए दिल्ली के इंडिया गेट जाने की योजना भी बना सकते हैं। वैसे तो यहां का नजारा पूरे साल ही शानदार रहता है लेकिन स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पूरे इंडिया गेट को लेजर लाइट्स की मदद से तिरंगा रंग दिया जाता है। पास में ही म्यूजिकल शो भी होते रहते हैं, जिसमें शामिल होने का मौका मिल सकता है। खाने-पीने के बहुत सारे स्टॉल मिल जाएंगे। अमर जवान ज्योति स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि दे सकते हैं।

### अगस्त क्रांति मैदान, मुंबई

मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में स्वतंत्रता दिवस का जश्न धूमधाम से मनाते हैं। गांधी जी ने इसी स्थान से अंग्रेजों के खिलाफ भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की थी। आजादी के बाद इस मैदान का उपयोग मनोरंजन पार्क के रूप में होने लगा। मैदान छह छोटे खंडों में विभाजित है, जिसमें बच्चों के खेलने के क्षेत्र, बुजुर्गों के बैठने के लिए क्षेत्र, गांधी स्मारक स्तंभ क्षेत्र शामिल है।

Paschim bangal

# CBI ने शुरू की महिला डॉक्टर हत्याकांड की जांच, वारदात की जगह पहुंची चिकित्सा-फोरेंसिक टीम

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला से दुष्कर्म और हत्या मामले में सीबीआई ने जांच शुरू कर दी है। जांच एजेंसी में सीबीआई ने नई एफआईआर दर्ज की है। इसके मद्देनजर सीबीआई की दिल्ली से एक टीम मामले कोलकाता पहुंची। सीबीआई ने दिल्ली से एक विशेष चिकित्सा और फोरेंसिक टीम भेजी है। कोलकाता पहुंचने के बाद टीम सबसे पहले न्यू टाउन राजारहाट में बीएसएफ-दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के अधिकारियों से मिलने पहुंची। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बीते दिन मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था।

इस बीच पुलिस कोलकाता के सीजीओ कॉम्प्लेक्स




में सीबीआई कार्यालय पहुंची। पुलिस अधिकारी मामले से संबंधित साक्ष्य और दस्तावेजों के साथ यहां पहुंचे हैं। आरोपी संजय रॉय को भी पुलिस यहां लेकर आई है। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, चिकित्सा अधिकारियों और फोरेंसिक टीम की एक विशेष टीम वारदात की जगह पर भी पहुंची है।

इससे पहले केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने हत्याकांड की जांच मंगलवार को अपने हाथ में ले ली थी। एजेंसी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के कुछ ही घंटों के अंदर सभी औपचारिकताएं पूरी कर लीं थीं। कोर्ट ने राज्य पुलिस को मामले के दस्तावेज केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंपने का निर्देश दिया गया था। हाईकोर्ट ने राज्य पुलिस को बुधवार सुबह 10 बजे तक केस डायरी सीबीआई को सौंपने का निर्देश दिया था।

Bihar

## वैशाली में दो बच्चों की मां की हत्या; अपराधियों ने घर में घुसकर मार डाला, दरवाजे पर ताला जड़कर भागे



**पटना, (एजेंसी)** वैशाली में दो बच्चों की मां की धारदार हथियार से अपराधियों ने हत्या कर दी। महिला किराये के मकान में रह रही थी। मंगलवार देर रात अपराधियों ने हत्या करने के बाद मेन गेट में बाहर से ताला जड़ दिया था और भाग गया था। हालांकि, सुबह घर की दरवाजा नहीं खुलने पर स्थानीय लोगों को शक हुआ तो पुलिस को जानकारी दी। वहीं घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। घटना महुआ थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार में मुहल्ला की है।

इधर, घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर दल बल के साथ महुआ थानाध्यक्ष सुभाष प्रसाद पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। बंद घर के दरवाजे को मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में तोड़ा गया। इसके बाद घर से लाश बाहर निकाली गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। मृत महिला की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव निवासी मिथुन कुमार की 30 वर्षीय पत्नी ब्यूटी कुमारी के रूप में हुई है। वह अपने पीछे दो बच्चों को छोड़कर चली गई। पुलिस का कहना है कि हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। कुछ लोगों से पूछताछ चल रही है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

Uttarpradesh

## लखनऊ में वृद्ध की हत्या कर फेंका गया शव, सड़क जाम कर प्रदर्शन

**लखनऊ, (एजेंसी)** राजधानी लखनऊ में बंथरा के कंजाखेड़ा में बुधवार सुबह वृद्ध की हत्या कर फेंका गया शव मिला। ग्रामीणों ने शव की पहचान कर परिवार को सूचना दी। फिर मोहान रोड पर शव रख कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। गांव के ही एक व्यक्ति पर शक जताते हुए गिरफ्तारी की मांग की गई। नानमऊ निवासी मोलके (60) का शव सुबह घर से कुछ दूर कंजाखेड़ा में पड़ा मिला। सिर और चेहरे पर चोट थी। मोलके की पहचान कर ग्रामीणों ने परिवार को बताया। आरोप है कि कुछ दिन पूर्व मोलके के घर में चोरी हुई थी। जिसमें गांव का ही एक व्यक्ति शामिल था। परिवार को शक है मोलके की हत्या करने के बाद शव को फेंका गया है। बुधवार सुबह परिवार वालों ने बनी मोहान रोड जाम कर प्रदर्शन करते आरोपी को गिरफ्तार किए जाने की मांग की। इंस्पेक्टर बंथरा राम सिंह ने बताया कि आरोप की जांच की जा रही है

New Delhi

## हिमाचल से दिल्ली और राजस्थान तक होगी भारी बारिश, कई राज्यों में IMD का अलर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने इस सप्ताह कई राज्यों में बारिश की चेतावनी जारी की है। आईएमडी के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश, केरल, ओडिशा और दिल्ली सहित कई राज्यों में भारी बारिश का अनुमान है। आईएमडी ने दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इसके मुताबिक, गुरुवार तक यहां हल्की से मध्यम बारिश की भविष्यवाणी है।**

मंगलवार को दिल्ली में रुक-रुक कर बारिश हुई। इसके कारण अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। शहर के मुख्य मौसम केंद्र, सफदरजंग वेधशाला ने मंगलवार सुबह तक 20.2 मिमी बारिश दर्ज की।

केरल की बात करें तो एर्नाकुलम, त्रिशूर और इडुक्की सहित कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।IMD ने गुरुवार तक तिरुवनंतपुरम, कोल्लम और पठानमथिट्टा जिलों में अलग-अलग भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। इस दौरान 40 किमी/घंटा की गति तक हवा भी चल सकती हैं।

राजस्थान में सोमवार और मंगलवार को अत्यधिक भारी बारिश हुई। जयपुर में सबसे अधिक बारिश हुई है। स्थानीय मौसम एजेंसियों का अनुमान है कि अगले दो से तीन दिनों तक रुक-रुक कर बारिश जारी रहेगी।

हिमाचल प्रदेश भी भारी बारिश से प्रभावित हुआ है। मारखंडा नदी का जलस्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। आईएमडी ने अगले पांच दिनों में कई जिलों में बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। चंबा, कांगड़ा, मंडी, सोलन, सिरमौर, शिमला, ऊना, बिलासपुर और हमीरपुर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

खेल

# बांग्लादेश-इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया के शेड्यूल में बदलाव

### ग्वालियर करेगा एक T20 मैच की मेजबानी

**मुंबई, (एजेंसी)** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को आगामी बांग्लादेश और इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए शेड्यूल में बड़ा बदलाव किया है। बोर्ड ने अपडेटेड शेड्यूल भी जारी किया है। नए शेड्यूल के मुताबिक बांग्लादेश के खिलाफ एक टी20 मैच और इंग्लैंड के खिलाफ दो टी20 मैचों के शेड्यूल में बदलाव किया गया। यह दोनों सीरीज भारत के होम सीजन का हिस्सा हैं। इतना ही नहीं ग्वालियर को भी एक टी20 मैच की मेजबानी दी गई है। ग्वालियर 2010 के बाद पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी करेगा। 2010 में इसी मैदान पर सचिन तेंदुलकर ने वनडे में दोहरा शतक जड़ा था।



बीसीसीआई ने शेड्यूल जारी करते हुए बताया- भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टी20, जो पहले के शेड्यूल के मुताबिक, छह अक्टूबर को धर्मशाला में खेला जाना था, अब ड्रेसिंग रूम में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे उन्नयन और नवीनीकरण कार्य के कारण ग्वालियर में खेला जाएगा।

ग्वालियर में यह मैच शहर के नए स्टेडियम - श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन मैच भी होगा। वहीं, 2010 में ऐतिहासिक भारत-दक्षिण अफ्रीका वनडे मैच के बाद पहला अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। उस मैच में महान सचिन तेंदुलकर वनडे मैचों में दोहरा शतक बनाने वाले पहले पुरुष क्रिकेटर बने थे।

बोर्ड ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले और दूसरे टी20 की मेजबानी स्थलों को भी स्वैप करने की घोषणा की। पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी चेन्नई को करनी थी, लेकिन अब वह दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी करेगी, जबकि कोलकाता पहले घोषित दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के बजाय पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी करेगा। पहले (22 जनवरी 2025) और दूसरे (25 जनवरी 2025) टी20 मैच की तारीखों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। कोलकाता पुलिस ने बंगाल क्रिकेट संघ से गणतंत्र दिवस से जुड़ी प्रतिबद्धताओं को लेकर तारीख बदलने का आग्रह किया था जिसके बाद आयोजन स्थल बदलना जरूरी हो गया था।

सिनेमा

## मनु भाकर ने 'चंदू चैंपियन' देखकर की कार्तिक आर्यन की तारीफ, बोलीं 'इसके लिए आपको मैडल मिलना चाहिए'



बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन की पिछली फिल्म 'चंदू चैंपियन' को खूब तारीफ मिली थी. क्रिटिक्स ने फिल्म के स्टोरीटेलिंग के साथ-साथ कार्तिक के काम को भी बहुत पसंद किया था. हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म कुछ कमाल नहीं दिखा पाई थी और फ्लॉप हो गई थी. मगर अब 'चंदू चैंपियन' को एक ऐसी तारीफ मिली है कि कार्तिक को बिल्कुल फिल्म ब्लॉकबस्टर हो जाने वाली फीलिंग आई होगी. हाल ही में खत्म हुए पेरिस ओलंपिक में, डबल मैडल जीतकर इतिहास रचने वालीं भारतीय शूटर मनु भाकर ने 'चंदू चैंपियन' देखी है. उन्होंने फिल्म देखने के बाद कार्तिक की तारीफ में एक पोस्ट भी लिखा. मनु की तारीफ से कार्तिक भी काफी खुश नजर आए. हाल ही में ओलंपिक से लौटीं मनु ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'चंदू चैंपियन' देखते हुए फोटो शेयर किया. उन्होंने फिल्म और कार्तिक की तारीफ करते हुए लिखा, 'आखिरकार, ओलंपिक्स खत्म हुए और मैंने घर पहुंचते ही चंदू चैंपियन देखी और जितना मैंने सोचा था, ये फिल्म उससे भी ज्यादा रिलेटेबल निकली. तैयारियां, स्ट्रगल्स, नाकामियां... लेकिन कभी हार न मानना. इस रोल को इतने एफर्टलेस तरीके से निभाने के लिए कार्तिक आर्यन को हैट्स ऑफ. खुद एक एथलीट होने के नाते, मुझे पता है कि ये आसान नहीं है... खासकर प्रेप का सीक्वेंस.




1. **Kolkata doctor's parents were made to wait for 3 hrs outside hospital to see her body**
2. **Priyank Kharge apologises for IGP's behaviour towards journalists**
3. **Sometimes I'm not motivated to say why our taxes are like this: FM**
4. **5-year-old girl drinks ₹10 mango juice, dies in Tamil Nadu village**
5. **70-yr-old maulana caught on camera trying to rape minor girl in UP**
6. **Supreme Court allows states to collect past dues on royalty from mining firms**

# US may 'break' Google as company could be forced to sell these businesses

**NEW DEIHI, (Agency).** A rare bid to break up Alphabet Inc.'s Google is one of the options being considered by the Justice Department after a landmark court ruling found that the company monopolized the online search market, according to people with knowledge of the deliberations.

The move would be Washington's first push to dismantle a company for illegal monopolization since unsuccessful efforts to break up Microsoft Corp. two decades ago. Less severe options include forcing Google to share more data with competitors and measures to prevent it from gaining an unfair advantage in AI products, said the people, who asked not to be identified discussing private conversations.

Regardless, the government will likely seek a ban on the type of exclusive contracts that




were at the center of its case against Google. If the Justice Department pushes ahead with a breakup plan, the most likely units for divestment are the Android operating system and Google's web browser Chrome, said the people. Officials are also looking at trying to force a possible sale of AdWords, the platform the company uses to sell text advertising, one of the people said.

The Justice Department discussions have intensified in the wake of Judge Amit Mehta's Aug. 5 ruling that Google illegally monopolized the markets of online search and search text ads. Google has said it will appeal that decision, but Mehta has ordered both sides to begin plans for the second phase of the case, which will involve the government's proposals for restoring competition, including a possible breakup request.

Alphabet shares fell as much as 2.5% to $160.11 in after-hours trading before erasing some losses.

A Google spokesman declined to comment on the possible remedy.

# Do Olympics medal winners pay taxes on gifts and rewards they get?

**NEW DEIHI, (Agency).** As Olympics 2024 concludes, Neeraj Chopra clinched a silver medal while Manu Bhaker, Sarabjot Singh, Swapnil Kusale and Aman Sehrawat brought home bronze. These athletes are being showered with cash, gifts and rewards, whether from government or other industrialists. But is this income also taxed?

Reports claimed that



French medalists will receive ₹80,000 for gold, ₹40,000 for silver and ₹20,000 for bronze from their govt but tax will be withheld. In India, cash or gifts from government are tax-free.

As per Central Board of Direct Taxes (CBDT) rewards from the central or state governments to Olympics, Commonwealth or Asian Games medalists are exempt under Section 10 (17A) of Income-Tax (I-T) Act.

Manu Bhaker won two medals at Paris Olympics and Sarabjot Singh were awarded ₹30 lakh and ₹22.5 lakh, respectively which are likely to be tax free. Indian hockey team's rewards from Punjab and Odisha state governments will also be exempt from taxes.

Similar rule in the US?

Yes, earlier the US taxed all its medal winners on value of their medals in addition to rewards. But in 2026, US athletes are only taxed on these if their annual income exceeds $1 million.

# प्रधान आरक्षक के बेटे ने किया सुसाइड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रथम बटालियन में पदस्थ प्रधान आरक्षक नागेंद्रसिंह के बेटे ने मंगलवार को सुसाइड कर लिया। मृतक का नाम ऋषि गौतमसिंह (20 साल) निवासी सुरेंद्र नगर है। रात में पिता ड्यूटी से घर पहुंचे तो उन्होंने बेटे को फंदे पर लटका देखा। उन्होंने तत्काल उसे नीचे उतारा और एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।**

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक ऋषि गौतम सिंह (20) निवासी सुरेन्द्र नगर ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पिता ने बताया कि ऋषि कुछ गलत संगत में पड़ गया था। वह बाहर निकलना चाहता था। लेकिन कुछ लोग उसके पीछे पड़े थे। इस वजह से वह तनाव में था। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

## बुजुर्ग महिला ने भी लगाई फांसी

खजराना के देवकी नगर में रहने वाली 70 साल की झूमाबाई पति देवीसिंह ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार ने बताया कि मंगलवार दोपहर में पति पत्नी दोनों ने खाना खाया। इसके बाद पति देवीसिंह घर से निकल गए। करीब एक घंटे बाद लौटे तो पत्नी फंदे पर लटकी थी। झूमाबाई के परिवार में उनका बेटा, बहू और पोते हैं। बताया जाता है कि घटना के समय सभी काम पर गए थे। झूमाबाई का काफी समय से डिप्रेशन को लेकर उपचार चल रहा था।

## ओटला तोड़ने से दुखी बुजुर्ग ने की आत्महत्या

**इंदौर।** पलासिया थाना इलाके में एक बुजुर्ग द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।बताया जा रहा है कि वे आसपास के लोगो की शिकायत के बाद घर के बाहर बना ओटला तोडऩे से दुखी थे ।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पलासिया पुलिस के मुताबिक चन्द्रलोक कालोनी के मकान न.40 निवासी अनिल यादव 69 साल ने आज सुबह अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।पुलिस ने बुजुर्ग के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है वहीं मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है ।सूत्रों के मुताबिक मंगलवार को बुजुर्ग के घर के बाहर बने ओटले को नगर निगम की रिमूवल टीम द्वारा तोड़ा गया था ।क्षेत्र के कुछ लोगो ने ओटले के अवैध निर्माण के संबंध में शिकायत की थी जिसके बाद उक्त कार्रवाई की गई ।सूत्रों का कहना है कि इसी कार्रवाई से दुखी होकर बुजुर्ग अनिल यादव ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया है। उधर पुलिस का कहना है कि फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नही हो सका है जांच जारी है।

# नाश्ता के बाद रुपए मांगने पर की मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भंवरकुआं क्षेत्र में मंगलवार दोपहर निकल रही तिरंगा यात्रा के दौरान एक नाश्ता दुकान संचालक और उसके दो भाइयों को कुछ युवकों ने जमकर पीट दिया। दुकान का सामान सडक़ पर फेंक कर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी विवेक सोनी निवासी सर्वानंद नगर की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। विवेक ने बताया कि वह मीरा गार्डन के पास में हंगर लंगर बिरयानी के नाम से दुकान चलाता है यहां दोपहर में दुकान के सामने से तिरंगा यात्रा निकाल रही थी तब इस यात्रा में से कुछ लडक़े आए और नाश्ता करने के बाद बिना रुपए दिए जाने लगे उनसे पेमेंट मांगा तो गालियां देने लगे उन्हें रोका तो आरोपियों ने विवेक के साथ मारपीट शुरू कर दी । इस बीच उसका भाई निखिल और माधव बीच में आए तो आरोपियों ने उन्हें भी डंडे से मारा जिसमें माधव का सिर फूट गया। इसके बाद आरोपी धमका कर गए कि उनसे उलझे तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ खिलाफ केस दर्ज किया।

# फेसबुक के दोस्त ने होटल में बुलाकर महिला से की हरकत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक महिला को फेसबुक पर अंजान शख्स से दोस्ती करना महंगा पड़ गया। जिसे वह अपना दोस्त मान रही थी उसने मिलने के बहाने से होटल में बुलाया और अकेली पाकर अश्लील हरकत करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। मामले में पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया है। आरोपी ग्वालियर का रहने वाला है। जो महिला से मिलने इंदौर आया था।

सेन्ट्रल कोतवाली पुलिस ने बताया कि इंद्रपुरी में रहने वाली 44 साल की महिला ने अंकित श्रीवास्तव निवासी बीएम दीनदयाल नगर ग्वालियर के खिलाफ 74,75,79, 127(2) बी एन एस की धाराओ में केस दर्ज कराया है। पीडिता ने बताया कि अंकित ने होटल आराम के रूम नंबर 307 में बुलाया और जबर्दस्ती करने की कोशिश की। पीडिता ने बताया कि दोनो की फेसबुक से दोस्ती हुई। जिसमें अंकित से एक माह से मेसेंजर पर बात हो रही थी, जिसमें दोनो चेंटिग करते थे। 25 जुलाई 2024 को अंकित ने होटल में मिलने बुलाया। यहां एमटीएच कंपाउड पहुंची तब पार्किंग में पहुंचकर मैसेजर से कॉल किया। तब नीचे आकर मिलने की बात कही। वह उपर होटल के रूम में मिलने की जिद करने लगा। इसके बाद रूम में पहुंची तो वहां पर कमरा अंदर जाने के बाद लॉक कर दिया। अंकित कहने लगा कि वह थोड़ी देर में खोल देगा। करीब आधे घंटे तक रूम में दोनो सामान्य बात कर रहे थे। इसके बाद अंकित पास आकर बैठ गया। जिससे पीडिता को काफी असहज महसूस हुआ। तब उसने अंकित को दूर से बात करने के लिए कहां तो अंकित ने बुरी नीयत से हाथ पकड़ लिया। गंदे इशारे किये ओर उसने गले लगाया और जबदस्ती करने लगा। उसकी हरकतो से डरकर कहां कि गेट खोल दो नहीं तो वह शोर मचा देगी। इसके बाद अंकित ने लॉक खोल दिया। रूम से बाहर आकर पीडिता ने पति को कॉल किया। इसके बाद घर चली गई। डर के चलते परिवार को कुछ नही बताया। इसके बाद सोमवार को पति को पूरी घटना बताई।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक